# छोटा भीम और स्वच्छता

## किताब 4



# समुदाय का मंत्र

# छोटा भीम और स्वच्छता

यह किताब एक साफ–सफाई और स्वच्छता पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य पूरे भारत में बच्चों को सशक्त करना है ताकी वह समाज में लोगों को शौचालय का प्रयोग करने और साबुन से हाथ धोने का महत्व समझा सकते हैं। अधिक जानने के लिए https://elab.emerson.edu/hygiene/ देखें।


ENGAGEMENT LAB

द्वारा विकसित

GREEN GOLD Animation Pvt Ltd

MARY ANNE CHARITY TRUST MACT

साझेदारी में

UBS

UBS Optimus Foundation

द्वारा समर्थित



ढोलकपुर का राजा भीम, चुटकी, ढोलू, भोलू, कालिया और जग्गू को अपने महल में बुलाता है।

वह उनसे यह पता लगाने के लिए कहता है कि कीटाणु फैलाने वाला जादूगर बार–बार क्यों लौट आता है, और उससे ढोलकपुर को कैसे छुटकारा दिलाया जा सकता है।



वे हाथ धोने का मंत्र पढ़कर स्वच्छता के जादूगर को बुलाते हैं और पूछते हैं कि जब हम कीटाणु फैलाने वाला जादूगर को हरा देते हैं तो वह शक्तिशाली होकर फिर से कैसे लौट आता है।

कीटाणु फैलाने वाला जादूगर अपनी शक्ति हासिल करने के लिए किसी जादू का प्रयोग नहीं कर रहा है! यह लोग ही हैं जो शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं और अपने हाथों को साबुन से नहीं धोते हैं जिससे वह शक्तिशाली बन जाता है।

राजा पूछता है कि यदि घर में शौचालय नहीं है तो लोग उसका प्रयोग कैसे करेंगे।

स्वच्छता का जादूगर कहता है कि ऐसे सस्ते शौचालय भी हैं जिन्हें परिवार बना सकते हैं और इनका रखरखाव करना आसान है।

कीटाणु फैलाने वाले जादूगर को हराने का एकमात्र तरीका यही है कि हर कोई शौचालय का प्रयोग करे और साबुन से अपने हाथ धोए।



स्वच्छता का जादूगर कहता है कि "आपको हर किसी को शौचालय का प्रयोग करने और साबुन से हाथ धोने के लिए राज़ी करना होगा"।

वह उन्हें एक जादुई क्रिस्टल बॉल दिखाता है जो ढोलकपुर में लोगों को शौचालय का प्रयोग न करने और साबुन से हाथ न धोने के बहाने बनाते हुए दिखाती है।

एक आदमी कहता है कि शौचालय और साबुन बहुत महंगे हैं!



एक महिला कहती है कि उसे इसमें से बदबू आती है।

वह कहती हैं कि शौचालय गंदी जगह जैसे दिखते हैं।



एक बच्चा कहता है कि शौचालय में बहुत अँधेरा होता है और वे डरावने होते हैं।

वह तो बाहर जाना ही पसंद करेगा।



एक लड़की कहती है कि उसकी सभी सहेलियां शौच के लिए बाहर जाती हैं और वह उनके साथ जाना चाहती है।

वह उनसे सुबह–सुबह और रात में खेतों में जाते हुए बात करना पसंद करती है।



एक लड़का कहता है कि वह बहुत शक्तिशाली है और कीटाणुओं से बीमार नहीं पड़ सकता।

ढोलकपुर में हर किसी के पास कोई न कोई बहाना है। स्वच्छता का जादूगर कहता है कि हमें हर किसी को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि स्वच्छता का विषय कोइ मामूली बात नहीं है।

भीम, चुटकी और उनके दोस्त लोगों को समझाने के लिए गांव की चौपाल में जाते हैं।



एक आदमी कहता है कि शौचालय बहुत महंगे हैं। भीम उसे याद दिलाता है कि वह त्योहारों पर बहुत पैसा खर्च करता है, और जब वह कीटाणुओं से बीमार पड़ता है तो काम पर नहीं जा पाता और पैसे का नुकसान होता है। यदि वह साबुन और शौचालय के लिए बचत करे, तो बीमार नहीं पड़ेगा जिससे अधिक काम करेगा, और अंततः इससे शौचालय का खर्च निकल आएगा!

ढोलू और भोलू उस महिला को जवाब देते हैं जो कहती है कि शौचालय गंदे और बदबूदार हैं। पूरा गांव तब गंदा हो जाता है जब लोग बाहर शौच करने जाते हैं। शौचालय गंदगी को एक जगह पर रखते हैं जो हमारे भोजन और पानी को दूषित नहीं करते।

शौचालय जाने के बाद साबुन से हाथ धोने पर वहां मौजूद किसी भी कीटाणु से छुटकारा मिल जाता है।



एक लड़का कहता है कि शौचालय में बहुत अँधेरा होता है और वे डरावने होते हैं।

जग्गू बताता है कि खुले में शौच करने, जहाँ साँप और बिच्छू आपको काट सकते हैं, के बजाय शौचालय जाना अधिक सुरक्षित है। यदि शौचालय में बहुत अंधेरा है, तो आप अपने बड़ों के साथ खिड़की या बत्ती के जरिए रोशनी की व्यवस्था कर सकते हैं, या किसी के साथ शौचालय जाने के बारे में बात कर सकते हैं।



एक लड़की कहती है कि उसकी सभी सहेलियां शौच के लिए बाहर जाती हैं और वह उनके साथ समय बिताना चाहती है।

चुटकी के घर में शौचालय है और वह जब चाहे जा सकती है। उसे शौच को सुबह और रात तक रोक कर नहीं रखना पड़ता। शौचालय का प्रयोग करने से उसका समय खेत में जाने से बचता है। घर में शौचालय होने से चुटकी को अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए अधिक समय मिलता है!



कालिया उस लड़के को चुनता है जो कहता है कि वह कीटाणुओं के मुकाबले बहुत शक्तिशाली है।

कालिया भी बहुत शक्तिशाली है, लेकिन फिर भी वह साबुन का प्रयोग करता है। वास्तव में सभी शक्तिशाली लोग, जैसे क्रिकेट खिलाड़ी और फिल्म स्टार, अपने हाथ धोने के लिए साबुन का प्रयोग करते हैं।



इन तर्कों से ढोलकपुर के लोग संतुष्ट दिखाई देते हैं।

एक आदमी कहता है कि वह इस महीने एक नया फोन खरीदने के बजाय शौचालय बनाने के लिए अपने पैसे बचाएगा।

एक लड़का कहता है कि जब तक वह अपने परिवार को घर में एक शौचालय बनाने के लिए मना नहीं लेता, तब तक वह अपनी चाची के घर पर शौचालय का प्रयोग करेगा।

एक लड़की कहती है कि उसकी माँ सबसे ताकतवर है, लेकिन यदि वह साबुन से हाथ नहीं धोती है तो वह कीटाणुओं से नहीं बच सकती। वह घर पर हाथ धोने के लिए साबुन का प्रयोग करने के बारे में अपनी माँ से बात करेगी।



एक साथ मिलकर भीम, चुटकी और उनके दोस्तों ने ढोलकपुर में सभी को शौचालय का प्रयोग करने और साबुन से हाथ धोने के लिए मना लिया।

इससे कम लोग बीमार हुए और हर कोई खुश था कि गाँव कितना साफ दिखता है।

कीटाणु फैलाने वाला जादूगर खेत में खड़ा है, लेकिन वहां खुले में कोई शौच ही नहीं है। वह जादू–टोना करने की कोशिश करता है, लेकिन यह काम नहीं आता और वह कुछ नहीं कर पाता।



कीटाणु फैलाने वाला जादूगर कहता है कि भले ही ढोलकपुर ने उसे हरा दिया हो, लेकिन वह भारत के दूसरे गाँवों में जाएगा जहाँ लोग शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं।

भीम कीटाणु फैलाने वाले जादूगर की छड़ी को छीनकर उसे जादूगर के सिर पर दे मारता है।

कीटाणु फैलाने वाला जादूगर गायब हो जाता है, और दूसरे गांव में चला जाता है।



कीटाणु फैलाने वाले जादूगर से डरे नहीं। आप उसे उसी तरह से हरा सकते हैं जैसे भीम, चुटकी, और पूरे ढोलकपुर ने किया था!

बस अपने दोस्तों और परिवार वालों को यह बताएं कि शौचालय जाने से व हाथ धोने के लिए साबुन का प्रयोग करने से समुदाय कैसे स्वच्छ रहता है और बीमारियों से छुटकारा मिलता है।